कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 09.05.2026

थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग से संबंधित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

गिरफ्तारी का विवरण:- पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित /वारंटियों की गिरफ्तारी एवं अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.05.2026 को थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-112/2026 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त विजय गौतम उर्फ राजपाल पुत्र शिवपूजन निवासी मोहल्ला गाँधीनगर कस्बा बहुआ थाना ललौली जनपद फतेहपुर हाल पता बहादुरपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर उम्र लगभग 24 वर्ष को थाना ललौली से नियमानुसार हिरासत में लेकर थाना गाजीपुर लाया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा घटना कारित करने के उपरांत मृतका के परिजनों एवं अन्य लोगों के भय से दिनांक 08.05.2026 को थाना ललौली में आत्मसमर्पण किया गया था। थाना ललौली पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को थाना गाजीपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को आज दिनांक 09.05.2026 को माननीय न्यायालय भेजा गया।

पूछताछ का विवरण:- पूछताछ के दौरान अभियुक्त विजय गौतम उर्फ राजपाल ने बताया कि वह लालती देवी उर्फ राखी पत्नी जीतेन्द्र कुमार रैदास निवासी नयापुरवा थाना थरियांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 22 वर्ष जो अपने पति को छोड कर मेरे सम्पर्क में करीब 03 वर्षों से थी तथा मेरे साथ पिछले लगभग आठ माह से रह रही थी। अभियुक्त के अनुसार मृतका के अन्य व्यक्तियों से संबंध होने के कारण उनके बीच आए दिन झगड़ा होता था तथा दोनों के संबंधों में आपसी अविश्वास एवं विवाद लगातार बढ़ते जा रहे थे। घटना के दिन दिनांक 08.05.2026 को मृतका ने अभियुक्त को धमकी देते हुए उसे छोड़ने तथा किसी अन्य व्यक्ति के साथ रहने की बात कही। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और मृतका द्वारा रस्सी से हमला करने का प्रयास किए जाने पर अभियुक्त ने आवेश में आकर उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के पश्चात अभियुक्त भयवश सीधे थाना ललौली पहुंचा और आत्मसमर्पण करते हुए अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

विजय गौतम उर्फ राजपाल पुत्र शिवपूजन निवासी मोहल्ला गाँधीनगर, कस्बा बहुआ, थाना ललौली जनपद फतेहपुर, हाल पता बहादुरपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, उम्र लगभग 24 वर्ष।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष श्री हनुमान प्रताप सिंह, थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 कमलेश कुमार सिंह
3. रि0म0आ0 ज्योति यादव
4. रि0का0 प्रेम सिंह यादव